MOU for the project of privatisation of National Highway construction in Maharashtra

4845. SHRI SURESH KALMADI : Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleated to state :

(a) whether it is a fact that a Memorandum of Understanding has been signed between the Ministry of Surface Transport, the Public Works Department of the Government of Maharashtra and Infrastructure Leasing and Financial Services Limited for implementing the Project of privatisation of National Highway construction in Maharashtra; and

(b) if so, what are the details thereof ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER) : (a) and (b) Yes, Sir. A Memorandum of Understanding has been signed amongst the Government of India, Government of Maharashtra and Infrastructure Leasing and Financial Services Limited in February, 1993 for taking up construction of 10.8 km Panvel bypass on National Highway No. 4 in the Maharashtra State on Build, Operate and Transfer (BOT) basis. The fund for the project excluding land acquisition would be arranged by IL&FS.

राष्ट्रीय राजमार्गों में चार लेन

4846. **श्री रामजी लाल** : क्या **जल भूतल परिवहन** मंत्री 17 मार्च 1993 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 2897 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस वर्ष राष्ट्रीय राजमार्गों में चार लेनों के निर्माण पर कितनी राशि खर्च की जायेगी;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि नई दिल्ली-अम्बाला और नई दिल्ली–हिसार के राष्ट्रीय राजमार्गों को चार लेनों में बदला जा रहा है । यदि हां तो वर्ष 1992 में इस पर कितनी राशि खर्च की गई है ;

(ग) इस वर्ष इस कार्य पर कितनी राशि खर्च की गई है और वर्ष 1994-95 में कितनी राशि खर्च किये जाने का विचार है ; और

(घ) उपरोक्त राजमार्गों का कितना किलोमीटर हिस्सा अभी तक चार लेनों में बदला जा चुका है और शेष भाग कब तक चार लेनों में बदल दिया जाएगा और उसे आम जनता के लिये कब तक खोल दिया जायेगा ?

जल भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) अभी से इस राशि के बारे में नहीं बताया जा सकता क्योंकि यह वास्तविक प्रगति पर निर्भर करेगी ।

(ख) दिल्ली-अम्बाला सड़क को चौड़ा करके चार लेन का बनाया जा रहा है । दिल्ली-हिसार सड़क के दिल्ली से बहादुरगढ़ तक का हिस्सा पहले ही चार लेन वाला है । बहादुरगढ़ से आगे चार लेन बनाने का कार्य अभी शुरू नहीं किया गया है । वर्ष 1992–93 के दौरान चार लेन बनाने के कार्य पर लगभग 8.8 करोड़ रु० खर्च किये गये थे ।

(ग) दिल्ली-अम्बाला सड़क पर चार लेन बनाने के लिये वर्ष 1993–94 के दौरान लगभग 15 करोड़ रु० खर्च किये गये हैं । वर्ष 1994–95 के लिये आबंटनों की जानकारी संसद में अनुदान मांगों पर मतदान होने के बाद प्राप्त होगी ।

(घ) दिल्ली से मुरथल, लम्बाई 50 कि० मी० और दिल्ली से बहादुरगढ़, लम्बाई 34 कि० मी० को पहले ही चार लेन का बना दिया गया है । दिल्ली-अम्बाला के शेष खण्ड में चार लेन बनाने के कार्य को 1998 के अन्त तक पूरा करने का लक्ष्य है ।